लखनऊ विश्वविद्यालय
लखनऊ–226007 (उ.प्र.) भारत

University of Lucknow
Lucknow-226007 (U.P.) India

परीक्षा नियंत्रक
Controller of Examinations

Ref.No. 93
Date 11.03.2024

**सेवा में,**

1. संकायाध्यक्ष / विभागाध्यक्ष
   लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ
2. प्राचार्य / प्राचार्या
   सम्बन्धित सहयुक्त महाविद्यालय
   लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ।

**विषयः** आर0डी0 परेड में सम्मिलित छात्रों की परीक्षा कराये जाने के सम्बन्ध में।

**महोदय / महोदया,**

कृपया विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा जारी पत्र संख्या D.O.No.14-10/ 2016 (CPP-II) दिनांक 3 नवम्बर 2021 का सन्दर्भ ग्रहण करना चाहें, जो कि गणतंत्र दिवस परेड में सम्मिलित छात्रों की परीक्षाएं पृथक से कराये जाने से सम्बन्धित है, जिसमें आर0डी0 परेड (नयी दिल्ली) में प्रतिभाग करने वाले छात्रों की परीक्षाएं कराये जाने का प्राविधान किया जाना है।

अतः अनुरोध है कि उपरोक्त आदेश के अनुपालन को दृष्टिगत रखते हुए अपने संकाय / विभाग / महाविद्यालय से सम्बन्धित छात्रों की आंतरिक एवं प्रयोगात्मक परीक्षाएं कराये जाने हेतु सम्बन्धित को निर्देशित करने का कष्ट करें, जिससे सम्बन्धित छात्र अगले सेमेस्टर की पढ़ाई सुचारू से जारी रख सकें। सम्बन्धित छात्रों की लिखित परीक्षाएं नियमानुसार विश्वविद्यालय द्वारा करायी जायेगी।

**भवदीय,**

11.3.2024.

**परीक्षा नियंत्रक**
**लखनऊ विश्वविद्यालय।**

**संलग्नकः उपरोक्तानुसार।**

पृष्ठांकन संख्या व दिनांकः उपरोक्त।

प्रतिलिपिनिम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. सचिव कुलपति को माननीय कुलपति जी के अवलोकनार्थ।
2. वैयक्तिक सहायक, प्रति कुलपति महोदय के अवलोकनार्थ।
3. अधीक्षक परीक्षाफल।
4. सम्बन्धित एन0सी0सी0 अफीसर, ल0वि0वि0 लखनऊ।
5. कार्यालय पत्रावली।

परीक्षा नियंत्रक
लखनऊ विश्वविद्यालय।